फुटबॉल | अंडर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता

# पेनल्टी शूटआउट में जीता स्टेमफील्ड एफसी, बना चैम्पियन





**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर 15 स्टेट यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में स्टेमफील्ड एफसी जबलपुर ने नर्मदा वैली मंडला को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

अमित रंजन देव सचिव मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि खेल शुरू होने के पूर्व फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक चंसोरिया कार्यवाहक अध्यक्ष मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ, अध्यक्ष पर्व जायसवाल डायरेक्टर स्टेमफील्ड स्कूल का दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कराया गया।

### मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर रहीं

मैच शुरू होते ही दोनों टीम गोल करने का प्रयास करती रहीं, परन्तु दोनों टीमों की रक्षा पंक्ति के शानदार प्रदर्शन से गोल करने में असफल रही। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल रहित बराबरी पर रहीं।

### निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबर रहीं

मध्यांतर के पश्चात मंडला के कोच अंजेश्वर एवं स्टेमफील्ड के कोच जतिन रघुवंशी ने रणनीति बदली। परिणामस्वरुप मंडला ने 66वें मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। एक गोल से पिछड़ने के बाद स्टेमफील्ड के खिलाड़ियों लगातार मंडला के गोल पर आक्रमण किए और 84वें मिनट में गोल कर 1-1 की बराबरी हासिल कर ली।

### पेनल्टी शूटआउट में हुआ निर्णय

निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। अत: मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया। इसमें स्टेमफील्ड एफसी जबलपुर ने 5-4 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलने की पात्रता हासिल कर ली। मैच के निर्णायक रवि परमार, ज्वाला धरवाह, राजेश चौहान, अंजल सिंह ठाकुर रहे। रेफरी इंचार्ज जेएल श्रीवास व मैच कमिश्नर दीपक परदेशी इटारसी रहे।



# राष्ट्रीय शालेय खेलकूद में उत्कृष्ट सेवा पर परिवहन टीम सम्मानित

▸ 1500 खिलाड़ियों के आवागमन की निभाई जिम्मेदारी

**नवभारत, जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (2025-26) के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली परिवहन टीम को सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 23 से 28 दिसंबर 2025 के बीच डीपीएस स्कूल, मण्डला रोड, नीमखेड़ा में आयोजित हुई थी, जिसमें बास्केटबॉल एवं खो-खो (14 से 19 वर्ष आयु वर्ग) के मुकाबले संपन्न हुए। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव अरुण कुमार इंगले के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। देशभर से आए लगभग 1500 खिलाड़ियों एवं कोचों के आवागमन, आवास और पर्यटन स्थलों के भ्रमण की जिम्मेदारी परिवहन टीम ने बखूबी निभाई।

परिवहन व्यवस्था की कमान आर.एस. ठाकुर, जनार्दन गजभिए, विनोद कुमार घोषी एवं योगेश चौधरी के नेतृत्व में रही। टीम ने खिलाड़ियों को स्टेशन और एयरपोर्ट से लाने-ले जाने के साथ-साथ प्रतिदिन खेल स्थल एवं पर्यटन स्थलों तक सुरक्षित पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से किया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में अरुण कुमार इंगले, पृथ्वी पाल सिंह, आर.एस. ठाकुर, मनोज कासिव, डी.के. खरे, श्रीमती आशा सिसोदिया, मधुमिता हाजरा सहित परिवहन टीम के सदस्य—जनार्दन गजभिए, विनोद कुमार घोषी, योगेश चौधरी, दीपक सोनी, दीनानाथ चौधरी, नीरज वर्मा, सतीश खरे, राम शंकर श्रृंगी, मूलचंद अहिरवार, के.के. गोटिया, अनिल कनाटे, रामकिशोर इड़पाचे, त्रिलोक सिंह ठाकुर, अतुल सोनी, जयदीप तिवारी, सचिन साहू, कैलाश पन्द्रे, रूपेश भुसारी, संजय मेहरा, सुनील चौकसे, रितेश पाल, नरेश विश्वकर्मा, प्रहलाद कुर्मी, धीरेंद्र सिंह ठाकुर एवं सतीश मेहरा उपस्थित रहे।

# नि :शुल्क सुविधाएं पहुंचाने चलित चिकित्सा वाहनों का लोकार्पण






**नवभारत, जबलपुर।** सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास द्वारा, गेल (इंडिया) लिमिटेड के सौजन्य से आमजन तक नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से 2 चलित चिकित्सा वाहनों का लोकार्पण केशव कुटी सुभद्रा नगर, राइट टाउन, जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक एवं सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास के सचिव सीए अखिलेश जैन ने बताया कि देश की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी न केवल प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1984 में स्थापित गेल का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने जानकारी दी कि कंपनी का वार्षिक टर्नओवर लगभग 55 से 60,000 करोड़ रुपये के बीच है तथा सीएसआर के तहत कंपनी प्रतिवर्ष लगभग 100 से 150 करोड़ रुपये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में व्यय करती है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदास महाराज ने अपने आशीर्वचन में सेवा कार्यों को समाज के उत्थान का आधार बताया। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक ब्रजकान्त ने कहा कि जिस समाज को संतों का मार्गदर्शन प्राप्त होता है, वह निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में कई लोग छोटी बीमारी के उपचार के लिए अपने संसाधन बेचने को विवश हैं, जो चिंता का विषय है।

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने सभी विभागों को निर्देश

▸ जस्टिस सप्रे की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जस्टिस अभय मनोहर सप्रे ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट और संभावित दुर्घटनाजन्य स्थलों पर चेतावनी संकेतक, स्पीड लिमिट बोर्ड और कैमरे लगाए जाएं तथा अनाधिकृत पार्किंग हटाई जाए। उन्होंने एमपीआरडीसी को ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य तेज करने, नगर निगम को अतिक्रमण हटाने और सड़क मार्किंग कराने तथा पीडब्ल्यूडी को फ्लाईओवर पर सुरक्षा ऑडिट कर शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में हेलमेट अनिवार्यता को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

### सड़क दुर्घटना में आई 3 .41 प्रतिशत की कमी

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी द्वारा वर्ष 2025 के सड़क दुर्घटना आंकड़ों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि वर्ष 2026 (जनवरी से मार्च) के तुलनात्मक आंकड़ों में सुधार दर्ज किया गया, जिसमें दुर्घटनाओं की संख्या 996 से घटकर 962 हो गई, जिससे 3.41 प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुई।

### जिले में 41 ब्लैक स्पॉट शेष

बैठक में ब्लैक स्पॉट की स्थिति की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2025 में जिले में 47 ब्लैक स्पॉट चिन्हित थे, जिनमें सुधारात्मक कार्यों के बाद 6 स्थानों पर दुर्घटनाएं पूरी तरह समाप्त हो गईं। वर्तमान में 41 ब्लैक स्पॉट शेष हैं, जहां सुधार कार्य निरंतर जारी हैं।

### बरसात से पहले सड़क सुधार के निर्देश

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि आगामी बरसात के मौसम से पहले सभी सड़कों के गड्ढों की तत्काल मरम्मत की जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी, नगर निगम उपायुक्त वाजपेयी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी शिवेन्द्र सिंह, एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्रीमति प्रीति यादव, एमपीआरडीसी के डीएम राकेश मोर्य तथा आरटीओ श्रीमती रिंकू शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दोपहिया वाहन चालक अधिक दुर्घटनाओं का शिकार

बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक प्रभावित आयु वर्ग 25 से 35 वर्ष के युवा हैं। इसके अलावा दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने का सबसे प्रभावी साधन बताया गया।

# ‘जाने-अनजाने’ प्रतियोगिता के विजेता घोषित

▸ रानी दुर्गावती संग्रहालय में छायाकारों का सम्मान



**नवभारत,जबलपुर।** स्वर्गीय शशिन यादव की स्मृति में मिलन फोटोग्राफिक सोसायटी (मिफोसो) द्वारा आयोजित ‘जाने-अनजाने’ छायाकार प्रतियोगिता 2026 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रानी दुर्गावती संग्रहालय में किया गया। देशभर से प्राप्त प्रविष्टियों के बीच विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट छायाकारों को सम्मानित किया गया। जबलपुर के युवा छायाकारों के लिए डॉ. के.सी. सक्सेना स्मृति सम्मान इस वर्ष डॉ. रोहित भंडारी एवं समर्थ सिंघई को प्रदान किया गया। वहीं प्रेस छायाकारी के लिए अरविंद स्मृति पुरस्कार सुशील चौबे को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों कुंदन सिंह परिहार, राजेंद्र दानी, डॉ. हर्ष सक्सेना एवं मिफोसो के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश्वर राव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कुंदन सिंह परिहार ने फोटोग्राफी की विधा पर प्रकाश डाला, जबकि राजेंद्र दानी ने स्वर्गीय शशिन यादव की स्मृतियों को साझा किया। पंकज स्वामी ने जीवन परिचय प्रस्तुत किया और मुकुल यादव ने संस्था की गतिविधियों पर जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष द्विवेदी ने किया।

# समिति कर्मियों को पेंशन लाभ देने आदेश जारी

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा ग्रामीण विद्युत सहकारी समिति कार्मिकों के हित में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कंपनी में संविलियन समितियों के कार्मिकों को पेंशन संबंधी लाभ प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। संविलियन के बाद इन कर्मियों द्वारा पेंशन एवं अन्य लाभों के लिए न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया था। न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं विभिन्न याचिकाओं के निर्णयों के अनुपालन में कंपनी द्वारा प्रकरण संचालक मंडल की 121 बैठक 24 मार्च 20206 में प्रस्?तुत किया गया । 24 अप्रैल 2026 को आयोजित बैठक में समिति कर्मियों को पेंशन लाभ देने संबंधी निर्णय लिया गया । आदेश के अनुसार पात्र समिति कर्मियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के अंतर्गत, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पेंशन का लाभ दिया जाएगा। न्यायालय के आदेश 13 मई 2025 के अनुसार सेवानिवृत्त एवं वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को भी आवेदन करने पर पेंशन का लाभ मिलेगा । पात्र कर्मियों के जी.पी.एफ. खाते खोले जाएंगे तथा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कटौती प्रारंभ की जाएगी । जी.पी.एफ. खाते में संचित राशि को संविलियन की तिथि से समायोजित किया जाएगा। कंपनी के इस निर्णय से लंबे समय से पेंशन की मांग कर रहे समिति कर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा उनके भविष्य को सामाजिक सुरक्षा प्रदान होगी ।


## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री राममनोहर सोनी पिता स्व. गोपाल प्रसाद सोनी द्वारा व्यावसायिक उपयोग संपत्ति दुकान जो की नजूल ब्लॉक संख्या 104, नजूल प्लॉट संख्या 5/1, नगर निगम मकान संख्या 175/जी-13, मोतीलाल नेहरू वार्ड (पुराना), नया जवाहगंज वार्ड, जबलपुर में स्थित भूमि पर निर्मित बहुमंजिला इमारत "समदरिया अम्बा आर्केड कॉम्प्लेक्स" के भूतल पर स्थित एक वाणिज्यिक दुकान/इकाई संख्या 13 जीएसएफ-13, कुल निर्मित क्षेत्र 202 वर्ग फुट, अविभाजित हिस्सा 51 वर्ग फुट है। भूमिस्वामी श्री राममनोहर सोनी पिता स्व. गोपाल प्रसाद सोनी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2026 दस्तावेज क्रमांक -MP50IGR175720264100428339 द्वारा सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राजा सराफ पुत्र श्री बाबूलाल सराफ से क्रय किया है, उक्त संपत्ति को सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्री राजा सराफ पुत्र श्री बाबूलाल सराफ ने पूर्व भूमिस्वामी श्री रचित सोनी पिता श्री रामेश्वर दास सोनी से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 03.02.2018, दस्तावेज क्रमांक - MP182542018A1077952 के माध्यम से क्रय किया है। तथा श्री रचित सोनी पिता श्री रामेश्वर दास सोनी ने मेसर्स समदरिया कंस्ट्रक्शन पार्टनर श्री किशोर समदरिया पुत्र स्वर्गीय श्री केशरी चंद्र जी समदरिया के माध्यम से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.01.2016, दस्तावेज क्रमांक - MP182552016A1032973 के माध्यम से क्रय किया है ।

यह कि श्री राममनोहर सोनी पिता स्व गोपाल प्रसाद सोनी द्वारा Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्री राममनोहर सोनी पिता स्व गोपाल प्रसाद सोनी द्वारा उक्त संपत्ति बंधक किया की जा रही है। उक्त संपत्ति का साम्यिक बंधक हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.02.2018, दस्तावेज क्रमांक - MP182542018A1077952 के मूल प्रति की आवश्यकता है जो कि भूमिस्वामी द्वारा गुम हो गई है जिसकी प्राथमिक सूचना थाना कोतवाली को दी जा चुकी है अत: जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर — भवदीय

दिनांक :- 17/04/2026 **राजेश प्यासी एडवोकेट**
**319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर मो.-9424320068**



खंड-1

## मध्यप्रदेश शासन
## कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या /06/ ई-टेंडरिंग/2026-27 — बालाघाट, दिनांक 13/04/2026

1. वनमण्डल अधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सामग्री का विवरण | IS Specification | सत्यांकार की निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट (PPC Cement, 50 Kg per Bag.) Major Plant | IS 1489 | 60,000/- | 1,000/- Tax extra |
| 2. | सीमेंट (OPC Cement, 50 Kg per Bag.) Major Plant | | | |

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/ कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 15/04/2026 बजे 05:00 PM से दिनांक 29/04/2026 बजे 02:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी ।
* निविदा पूर्व बैठक दिनांक 22/04/2026 को समय 03:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय उकवा(सा.), उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अभिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेण्डर फॉर्म खरीदे हैं।
* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://mptenders.gov.in

**वनमंडलाधिकारी**
**उत्तर सा.वनमण्डल बालाघाट**

जी-11696/26 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 02/वर्ष 2026-27/कार्य.यं. — **निविदा-सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक : 13/04/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्रमांक | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | 2026_PWDRB_500016_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत डिपाजिट एवं सभी प्रकार के रखरखाव कार्यों, आवासीय और गैर-आवासीय भवनों के लिये वार्षिक मरम्मत, रखरखाव कार्य आदि हेतु जोनल टेण्डर। | 19.80 | 40,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 06 माह वर्षाॠतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2. | 2026_PWDRB_500017_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत मुख्यालय नरसिंहपुर में सभी प्रकार के रखरखाव कार्यों, आवासीय और गैर-आवासीय भवनों के लिए वार्षिक मरम्मत, रखरखाव कार्य आदि हेतु जोनल टेण्डर। | 19.99 | 40,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 06 माह वर्षाॠतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 39.79 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने अंतिम तिथि 25/04/2026 (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर राशि(ई.एम.डी.)राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 25/04/2026 (17:30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग नरसिंहपुर**

जी-11655/26 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T.NO.:/PWD/e-tendering/PRO/90 — **निविदा सूचना** — Date:- 17/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _500934_1 17/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड में विभिन्न स्थाना पर पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। (पार्षद मद) | 02 माह रु. 8.47 लाख | रु. 2000/- रु. 8472/- | 01/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD _500934_2 17/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड में अवति विहार में शेड निर्माण कार्य। (पार्षदमद) | 02 माह रु. 4.17 लाख | रु. 2000/- रु. 4172/- | 01/05/2026 |
| 3. | 2026_UAD _500934_3 17/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड में भैंसासुर रोड में बाबू रैकवार के समीप रोड निर्माण कार्य। (पार्षदमद) | 02 माह रु. 4.23 लाख | रु. 2000/- रु. 4237/- | 01/05/2026 |
| 4. | 2026_UAD _500934_4 17/04/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य। (पार्षदमद) | 02 माह रु. 4.23 लाख | रु. 2000/- रु. 4233/- | 01/05/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम जबलपुर**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर म.प्र.

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 E-mail : eepwdelecjbp@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-02/व.ले.लि./2026-27 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर, दिनांक-10/04/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWDRB _499145_1 | मण्डला जिले के वि/यां बिछिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | द्वितीय | 8.00 | 16000/- | 2000/- | upto 31/03/2027 | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं “ब” श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु। |
| 2. | 2026_PWDRB _499146_1 | मण्डला जिले के वि/यां निवास सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | प्रथम | 8.00 | 16000/- | 2000/- | upto 31/03/2027 | |
| 3. | 2026_PWDRB _499147_1 | मण्डला जिले के वि/यां नैनपुर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य। | प्रथम | 8.00 | 16000/- | 2000/- | upto 31/03/2027 | |
| 4. | 2026_PWDRB _499148_1 | मण्डला जिले के वि/यां उपसंभाग के अंतर्गत एयर कंडिश्नर, कूलर, पंखें आदि के मरम्मत, का विद्युतीकरण कार्य। | प्रथम | 5.00 | 10000/- | 2000/- | upto 31/03/2027 | |
| 5. | 2026_PWDRB _499149_1 | पुलिस अधीक्षक जबलपुर ई.ओ.डब्ल्यू. कार्यालय भवन कटंगा में स्थापित 01 नग 08 पेसेंजर लिफ्ट (B+G+2)के वार्षिक रखरखाब का कार्य। | प्रथम | 1.56 | 3120/- | 1000/- | One Year | |
| 6. | 2026_PWDRB _499286_1 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग मण्डला के अंतर्गत शासकीय कार्यों के निरीक्षण हेतु स्कापियों वाहन अथवा समकक्ष वाहन (अवधि 2 वर्ष के लिये) (एन मॉडल) | प्रथम | 8.64 | 17280/- | 2000/- | Two Year | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं “अ” श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु। |
| 7. | 2026_PWDRB _499287_1 | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग भ/स उपसंभाग नैनपुर के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु बोलेरो वाहन “NEO” MODEL अथवा समकक्ष वाहन( अवधि 2 वर्ष के लिये) | प्रथम | 7.20 | 14400/- | 2000/- | Two Year | |
| 8. | 2026_PWDRB _499288_1 | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग भ/स उपसंभाग मण्डला एवं सिवनी के अंतर्गत शासकीय कार्यो के निरीक्षण हेतु बोलेरो वाहन “NEO” MODEL अथवा समकक्ष वाहन (15-15 दिवस हेतु प्रत्येक माह में)( अवधि 2 वर्ष के लिये) | प्रथम | 7.20 | 14400/- | 2000/- | Two Year | |

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 25/04/2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर**

जी-11654/26 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता